पंजाब केसरी
MON,17 APRIL 2023
EDITION: GURGAON KESARI, PAGE NO. 4

714 विद्यार्थियों को प्रदान किए गए डिप्लोमा सर्टिफिकेट

एमडीआई गुड़गांव और मुर्शीदाबाद द्वारा संयुक्त वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन

गुड़गांव, 16 अप्रैल (ब्यूरो): मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव और मुर्शीदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से दीक्षांत समारोह-2023 का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्यातिथि समारोह में शिरकत करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं जनवितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बेहतर भारत के हितधारक बनने और अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अग्रिम बधाई दी। समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2021-23 के बैच में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए 556 विद्यार्थियों को एमडीआई, गुड़गांव से डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिनमें 7 फैलो स्कॉलर्स भी शामिल रहे। संस्थान ने मेधावी विद्यार्थियों को 21 पदक भी वितरित किए। वहीं डायरेक्टर आत्मानंद की उपस्थिति में एमडीआई मुर्शीदाबाद ने पीजीडीएम कार्यक्रम के लिए अपने 158 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और 5 पदक वितरित किए।

इस अवसर पर एमडीआई बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमैन रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों की हौसलाफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा का मतलब केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि अपने चरित्र और दृढ़ता का निर्माण करना है। कड़ी मेहनत और परिश्रम के इन दो वर्षों में जिन चुनौतियों और बाधाओं का आपने सामना किया और जिन पर विजय प्राप्त की, इससे आपके करियर को आकार मिला है और आप भविष्य के प्रभावशाली एवं दृढ़ नेतृत्वकर्ताओं के रूप में विकसित हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बतौर मुख्यातिथि एमडीआई, गुड़गांव और मुर्शीदाबाद द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए।

एमडीआई गुड़गांव की कार्यवाहक डायरेक्टर डॉ. संगीता शाह भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि एमडीआई गुड़गांव में फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (एआईयू) द्वारा हाल ही में पीएचडी के समकक्ष की मान्यता दी गई है। शोध को बढ़ावा देने के लिए एमडीआई ने शोध करने, सम्मेलनों के आयोजन, एवं कार्यक्रमों के संचालन के लिए तथा विद्यार्थी एवं फैकल्टी के आदान-प्रदान के लिए 90 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ साझेदारी की है।

प्लेसमेंट ड्राइव में 102 कंपनियों ने हिस्सा लिया, सर्वाधिक पैकेज रहा 60 लाख सालाना: अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए एमडीआई, गुड़गांव में इस वर्ष भी शानदार प्लेसमेंट दर्ज हुए।

यहां विद्यार्थियों को पेश किया गया सर्वाधिक वेतन 60 लाख सालाना था। वहीं बैच को दिया जाने वाला औसत वेतन 26.13 लाख प्रतिवर्ष था। एमडीआई द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 102 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 21 कंपनियां यहां पर नियुक्ति के लिए पहली बार आई थी। नौकरी के ऑफर देने वाली कंपनियां गठन एवं निर्माण, प्रौद्योगिकी, मीडिया एवं दूरसंचार, बीएफएसआई, कंसल्टिंग, एफएमसीजी/एफएमसीडी, ऑटोमोबाईल, ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य एवं फार्मास्युटिकल, ऊर्जा एवं लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र से सम्बंधित रही।